











केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# शाला ध्वनि

# KVS News

**July- September 2025**

# 79वां स्वतंत्रता दिवस

## देशभक्ति से सराबोर हो उठे केन्द्रीय विद्यालय



79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में देशभर के सभी केन्द्रीय विद्यालयों में हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालयों में रंग-बिरंगी रंगोलियों का निर्माण, सृजनात्मक प्रदर्शनों का आयोजन तथा मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। विभिन्न विद्यालयों द्वारा तिरंगा रैलियों का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों के जोशीले नारों ने पूरे वातावरण को देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। सभी केन्द्रीय विद्यालयों में ध्वजारोहण किया गया और विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने-अपने घरों पर भी तिरंगा फहराकर इस अभियान को सफल बनाया।

## विभाजन विभिषिका दिवस

### विभाजन की पीड़ा से नई पीढ़ी का परिचय

एक तरफ भारत में आज़ादी का सूर्योदय हो रहा था तो दूसरी तरफ देश के कई भागों में लोग अपने पुरखों की विरासत छोड़कर दूसरी जगह विस्थापित हो रहे थे। आज़ादी से ठीक एक दिन पहले यानी 14 अगस्त 1947 को भारत को दो भागों में विभाजित कर दिया गया। इस विभाजन के कारण लाखों लोगों को न सिर्फ अपना घर



छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा, बल्कि हजारों लोग बलिदान हुए। इतिहास के इस काले अध्याय से विद्यार्थियों को अवगत कराने के लिए हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी देशभर के केन्द्रीय विद्यालयों में 14 अगस्त को विभाजन विभिषिका दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर वृत्तचित्र, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और कविता पाठ जैसी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विभाजन के प्रभाव के बारे में बताया गया। इस दौरान प्रश्नोत्तरी जैसी गतिविधियों का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने एकता, शांति और सहानुभूति की भावना जागृत करने का भी संदेश दिया गया।

## के.वि.सं. (मु.) में हुआ स्वतंत्रता दिवस का विशेष आयोजन

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में नई दिल्ली स्थित के.वि.सं. (मुख्यालय) में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर के.वि.सं. की आयुक्त सुश्री प्राची पाण्डेय ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने समस्त केन्द्रीय विद्यालय परिवार को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और सभी को राष्ट्रहित एवं समाजसेवा के लिए सदैव समर्पित रहने का संदेश दिया।



# An Invitation from the President of Bharat



**New Delhi:** On the 79th Independence Day, Sanvi Sharma of KV NFR Lumding, and an alumnus of the Prerana programme, was invited to the At-home Reception at Rashtrapati Bhawan, where she had the honour of meeting Hon'ble President of India, Smt. Droupadi Murmu, and interacting with other eminent dignitaries.



# रक्षाबंधन

## के.वि. के विद्यार्थियों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के साथ मनाया रक्षा बंधन



**नई दिल्ली, ९ अगस्त:** भाई-बहन के पवित्र बंधन के त्योहार रक्षाबंधन पर डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से राष्ट्रपति भवन में शिष्टाचार भेंट की और सद्भावना, स्नेह एवं पारस्परिक सम्मान के इस उत्सव का जश्न मनाया। इस दौरान विद्यार्थियों ने श्रीमती मुर्मु को राखी भी बांधी। वहीं राष्ट्रपति ने बच्चों को स्नेह और आशीर्वाद देते हुए कहा कि रक्षाबंधन भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व है, जो भाई-बहन के पवित्र रिश्ते के साथ-साथ आपसी विश्वास, सम्मान और सुरक्षा के भाव को भी मजबूत करता है।

## विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री संग मनाया रक्षाबंधन

**नई दिल्ली, ९ अगस्त:** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पीतमपुरा के विद्यार्थियों ने दिल्ली की मा. मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया। इस अवसर पर छात्राओं ने मुख्यमंत्री को राखी बांधकर रक्षाबंधन की बधाई दी। दूसरी तरफ मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उन्हें शिक्षा, संस्कार और जिम्मेदारी के पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।



# हिन्दी को सम्मान

## केन्द्रीय विद्यालय संगठन राजभाषा कीर्ति पुरस्कार से अलंकृत



**गांधीनगर, 14 सितम्बर:** केन्द्रीय विद्यालय संगठन को वर्ष 2024-25 के लिए राजभाषा कीर्ति पुरस्कार (द्वितीय स्थान) से अलंकृत किया गया। यह पुरस्कार हिन्दी दिवस समारोह 2025 एवं पाँचवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में प्रदान किया गया, जिसका उद्घाटन मा. गृहमंत्री श्री अमित शाह द्वारा किया गया था। गुजरात की राजधानी गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर कन्वेंशन एवं एग्ज़िबिशन सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में संगठन की आयुक्त सुश्री प्राची पाण्डेय को यह पुरस्कार मा. विधि एवं न्याय मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल तथा संसदीय राजभाषा समिति के संयोजक श्री दिनेश लाल शर्मा द्वारा प्रदान किया गया। केन्द्रीय विद्यालय संगठन को निरंतर दूसरे वर्ष यह सम्मान हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार एवं उसके उत्कृष्ट कार्यान्वयन में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया। इससे पूर्व के.वि.सं. को यह पुरस्कार वर्ष 2019, 2021 एवं 2024 में भी प्रदान किया जा चुका है।



## हिन्दी पखवाड़े से विद्यार्थियों में जागृत हुआ हिन्दी प्रेम



विविध भाषाओं और समृद्ध संस्कृतियों से परिपूर्ण भारत में हिन्दी सदैव एक सेतु की भूमिका निभाती आई है। राष्ट्रीय एकता को सूत्र में पिरोने वाली इस भाषा के महत्त्व को विद्यार्थियों तक पहुँचाने के उद्देश्य से केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा प्रतिवर्ष हिन्दी पखवाड़ा आयोजित किया जाता है। वर्ष 2025 में यह कार्यक्रम देशभर के सभी केन्द्रीय विद्यालयों में उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवधि के दौरान विद्यालयों में निबंध लेखन, वाद-विवाद, कविता-पाठ, भाषण, सुलेख प्रतियोगिता और ऑनलाइन कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि हिन्दी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक पहचान और राष्ट्रीय एकता का भी प्रतीक है।



## हिंदी भाषा का प्रसार: के.वि. के प्रयास से मॉस्को में पाठ्यक्रम शुरू

**मॉस्को, 15 सितम्बर 2025:** हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में केन्द्रीय विद्यालय, मॉस्को द्वारा ब्रिक्स इंटरनेशनल स्कूल में हिंदी शिक्षण की शुरुआत की गई। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशक श्रीमती गुना एबीलोवा ने केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य श्री बिघ्नेस्वर पटनायक का स्वागत कर विद्यार्थियों से परिचय कराया। कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय विद्यालय, मॉस्को में हिंदी शिक्षक श्री अजय साहू ने हिंदी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी की बढ़ती लोकप्रियता और इसकी आवश्यकता के बारे में बताया। वहीं प्राचार्य श्री पटनायक ने भारत-रूस के ऐतिहासिक संबंधों का उल्लेख करते हुए हिंदी और रूसी भाषा में समान शब्दों की रोचक जानकारी साझा की और विश्वास जताया कि यह हिंदी शिक्षण कार्यक्रम निरंतर जारी रहेगा।



# When Teachers Become Changemakers

## National Teacher's Award 2025



Sh. Tarun Kumar Dash of PM SHRI KV Koraput received the prestigious National Teacher's Award 2025 from Hon'ble President of India, Smt. Droupadi Murmu on the occasion of Teachers' Day 2025. Shri Tarun Kumar Dash has been honoured for igniting the spirit of education and inspiring society through his creative short films (Pahiya Kursi, Dadaji Ka Thela, Sadak, Master Ji, Bachchon Ki Zubani, Parivartan, and Ghar-Ghar Tiranga). A unique feature of his inspiring films is that the roles are enacted by Kendriya Vidyalaya students, teachers, and parents themselves. Through these films, Shri Dash has successfully conveyed powerful social messages.




## शिक्षक बने मंत्री

# के.वि. के विद्यार्थियों को पढ़ाया गणित

**अशोकनगरः** मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले में स्थित नवनिर्मित केन्द्रीय विद्यालय का 22 अगस्त को केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों के साथ समय बिताया और एक शिक्षक की भूमिका निभाते हुए उन्हें अंग्रेज़ी व गणित पढ़ाया। श्री सिंधिया ने बच्चों से सवाल-जवाब किए, जिनका विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्रा शैफाली ने अपने हाथों से बनाई उनकी पेंटिंग उन्हें भेंट की।



# के.वि. के शैक्षिक माहौल से प्रभावित हुआ जापानी प्रतिनिधिमंडल



**नई दिल्ली, 22 सितंबरः** जापानी एंबेसी स्कूल, नई दिल्ली की प्राचार्या एवं शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल केन्द्रीय विद्यालय, सेक्टर-12, द्वारका पहुँचा। प्रतिनिधिमंडल ने विद्यालय की विविध गतिविधियों का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों और शिक्षकों से उत्साहपूर्वक संवाद किया। विद्यालय के जीवंत शैक्षिक वातावरण और संकाय के समर्पण से प्रभावित होकर प्रतिनिधिमंडल ने उत्कृष्टता और सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने के लिए विद्यालय के प्रयासों की सराहना की।

# Celebrating 5 Transformative Years of NEP 2020

## Shri Dharmendra Pradhan inaugurates Akhil Bharatiya Shiksha Samagam 2025 in New Delhi

**New Delhi, July 29, 2025:** The Ministry of Education celebrated the 5th Anniversary of the National Education Policy (NEP) 2020 through the Akhil Bharatiya Shiksha Samagam 2025 at Bharat Mandapam, New Delhi. Hon'ble Union Minister for Education, Shri Dharmendra Pradhan, inaugurated the event and unveiled projects worth over ₹4,000 crore, including new initiatives, campus inaugurations, and foundation stone layings.

The Samagam featured thematic sessions on key areas of NEP 2020, outlining the roadmap for the next phase of educational transformation. A Multimedia Exhibition on Best Practices highlighted innovative initiatives from schools and higher education institutions across India.

Shri Pradhan also inaugurated new Kendriya Vidyalayas at ITBP Shivgangai (Tamil Nadu), Sandhole (Himachal Pradesh), Udalguri (Assam), BSF Tekanpur (Madhya Pradesh), Jourian (Jammu & Kashmir), and Bhimtal (Uttarakhand). In total, 22 KVS projects were dedicated to the nation. Under the PM SHRI initiative, 613 best-performing schools, 24 Kendriya Vidyalayas, and 7 Navodaya Vidyalayas were recognised for demonstrating complete NEP implementation.

The celebrations echoed nationwide across all Kendriya Vidyalayas through live telecasts, cultural programmes, and exhibitions. KV students Rohit Singh and Avi Saini anchored the national event, while PM SHRI KV AFS Yelahanka students Jaivick and Avaneesh showcased their ATL innovation "NeoFlex Hand."

Kendriya Vidyalaya Sangathan continues to uphold the vision of NEP 2020, driving innovation, inclusivity, and excellence in school education.



# Akhil Bhartiya Shiksha Samagam-2025













## केन्द्रीय विद्यालयों में 'स्वच्छता ही सेवा-2025' अभियान का सफल आयोजन



***नई दिल्ली:*** *राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का मानना था कि स्वच्छता केवल शारीरिक और सामाजिक आवश्यकता ही नहीं, बल्कि आध्यात्मिक और नैतिक जीवन का आधार भी है। गांधीजी के इन्हीं विचारों को जन-जन तक पहुँचाने और विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से देशभर के केन्द्रीय विद्यालयों में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का सफल आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत सभी विद्यालयों में विविध गतिविधियाँ- वेस्ट से बेस्ट निर्माण कार्यशालाएँ, निबंध लेखन, कविता-पाठ, क्विज़ प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, स्वास्थ्य जाँच शिविर, सिंगल-यूज़ प्लास्टिक पर आधारित चित्रकला प्रदर्शनी तथा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों और शिक्षकों में न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी, अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण की भावना का भी सशक्त विकास हुआ।*

## के.वि.सं.(मु.) में स्वच्छता शपथ



***नई दिल्ली:*** *22 सितम्बर 2025 को 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत के.वि.सं.(मु.) में स्थित भीष्म सभागार में केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मुख्यालय) के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता की शपथ ली। इस अवसर पर सभी उपस्थित सदस्यों ने अपने कार्यस्थल, आस-पास के वातावरण तथा समाज में स्वच्छता बनाए रखने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। शपथ समारोह के दौरान वक्ताओं ने स्वच्छता को केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जीवन का अभिन्न हिस्सा मानने पर बल दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 'स्वच्छ भारत' के सपने को साकार करने की दिशा में सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करना है।*

## राष्ट्र के प्रति कर्तव्य: एक दिन, एक घंटा, एक साथ

***नई दिल्ली, 25 सितंबर 2025:*** *स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत इस वर्ष भारत सरकार की पहल पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया- एक दिन-एक घंटा-एक साथ। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 25 सितंबर को सुबह 8 बजे शिक्षा मंत्रालय के मा. सचिव स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता श्री संजय कुमार के नेतृत्व में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2, दिल्ली कैंट के निकट एपीएस कॉलोनी में एक घंटे तक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में शिक्षा मंत्रालय के समस्त वरीय अधिकारियों के साथ के.वि.सं. आयुक्त सुश्री प्राची पाण्डेय और के.वि. सं. मुख्यालयव क्षेत्रीय कार्यालय दिल्ली के समस्त अधिकारियों, और विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।*



## चित्रकला प्रदर्शनी से हरित भविष्य का आह्वान



***संबलपुर, 14 सितम्बर:*** *संबलपुर नगर पालिका द्वारा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र.1, संबलपुर के विद्यार्थियों ने 'स्वच्छता अभियान' और 'एक पेड़ माँ के नाम' विषय पर आकर्षक चित्रकला प्रदर्शनी प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मा. शिक्षा मंत्री, भारत सरकार श्री धर्मेंद्र प्रधान ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। उन्होंने बच्चों के प्रयास को स्वच्छ और हरित भारत के निर्माण की दिशा में प्रेरणादायी कदम बताया।*

# नये केन्द्रीय विद्यालय

## बच्चों के सपनों को मिलेगी उड़ान
## जयपुर (ओडिशा) में केन्द्रीय विद्यालय की शुरुआत



**जयपुर:** केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने ओडिशा वासियों को नए केन्द्रीय विद्यालय की सौगात दी। लंबे समय से जयपुर (ओडिशा) में हो रही केन्द्रीय विद्यालय की आवश्यकता को देखते हुए शिक्षा मंत्री ने 6 जुलाई 2025 को केन्द्रीय विद्यालय के अस्थायी भवन का उद्घाटन किया और इसके स्थायी परिसर का शिलान्यास किया।

## खुर्दा पहुंचा शिक्षा का प्रकाश, मिली केन्द्रीय विद्यालय की सौगात

**खुर्द:** केन्द्रीय शिक्षा मंत्री मा. श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने 14 जुलाई 2025 को ओडिशा के खुर्दा स्थित आईटीबीपी परिसर में केन्द्रीय विद्यालय के अस्थायी भवन का उद्घाटन किया तथा स्थायी भवन का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर श्री प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'समस्त भारत में शिक्षा के प्रकाश' के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि खुर्दा न केवल उड़िया भाषा के ऐतिहासिक विकास की तपोभूमि है , बल्कि यह स्वतंत्रता संग्राम के अनेक नायकों की जन्मभूमि भी है।



## हाजीपुर केन्द्रीय विद्यालय के लिए भूमि पूजन सम्पन्न



**हाजीपुर:** 20 वर्ष की लंबी प्रतीक्षा के बाद आखिरकार हाजीपुर वासियों और विद्यार्थियों का अपने केन्द्रीय विद्यालय भवन का सपना साकार होने जा रहा है। 10 अगस्त 2025 को केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री एवं हाजीपुर से सांसद श्री चिराग पासवान ने केन्द्रीय विद्यालय के स्थायी भवन के लिए भूमि पूजन किया। इस अवसर पर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान वर्चुअल माध्यम से जुड़े और इसे हाजीपुर के लिए एक ऐतिहासिक दिन बताया। उन्होंने कहा कि हाजीपुर में केन्द्रीय विद्यालय के शिलान्यास से यहां के बच्चों को बेहतर शैक्षिक सुविधाएं मिलेंगी और उनका भविष्य उज्जवल होगा।



## भविष्य की शिक्षा को मजबूत आधार
## कटक में केन्द्रीय विद्यालय का शिलान्यास

**कटक:** मा. शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने रविवार 23 अगस्त को केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-2, कटक के निर्माण हेतु भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्यालय की स्थापना से क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को नई दिशा मिलेगी और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा।




# ज्ञान का विस्तार! के.वि.सं. (मु.) को विद्यालय भवनों के लिए भूमि हस्तांतरित

*__नई दिल्ली, अक्टूबर 2025:__ देश के हर कोने तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की रोशनी पहुंचाने के उद्देश्य से केन्द्रीय विद्यालय संगठन निरंतर आगे बढ़ रहा है। पिछले तीन महीनों (जुलाई 2025 से सितंबर 2025) के दौरान देश के विभिन्न राज्यों में सात नये स्थलों पर विद्यालय भवन निर्माण के लिए भूमि हस्तांतरित की गई है। इन सात नई भूमि हस्तांतरणों से के.वि.सं. के शैक्षणिक विस्तार को नई गति मिलेगी और हजारों विद्यार्थियों को आधुनिक भवनों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर प्राप्त होगा।*

## *विद्यालयों के लिए हस्तांतरित की गई भूमि*

| क्र/सं | केन्द्रीय विद्यालय | संभाग | राज्य |
|---|---|---|---|
| 1. | के.वि. सीआरपीएफ झपहां | पटना | बिहार |
| 2. | के.वि. आईटीबीपी खुर्दा | भुवनेश्वर | ओडिशा |
| 3. | के.वि. कामाख्यनगर | भुवनेश्वर | ओडिशा |
| 4. | के.वि. एफएस फलोदी | जयपुर | राजस्थान |
| 5. | के.वि. इलारागी, रायचूर | बेंगलुरु | कर्नाटक |
| 6. | के.वि. धोने, नांदयाल | हैदराबाद | आंध्र प्रदेश |
| 7. | के.वि. रामकोट, कठुआ | जम्मू | जम्मू और कश्मीर |



# Fueling Young Minds: STEM Week in Kendriya Vidyalayas





*In alignment with the vision of the National Education Policy (NEP) 2020, Kendriya Vidyalaya Sangathan (KVS) is committed to nurturing curiosity, creativity, critical thinking, and innovation through the promotion of Science, Technology, Engineering, and Mathematics (STEM). To foster a vibrant STEM ecosystem across all Kendriya Vidyalayas, all KVs observed STEM Week from 14th to 18th July 2025 across the country. During this week, students from Classes VI to XII participated in various activities aligned with national initiatives such as INSPIRE, PRAYAAS, YUVIKA, Rashtriya Bal Vaigyanik Pradarshani, Atal Tinkering Labs, and School Innovation Council, among others. The celebration of STEM Week aimed to provide a structured platform for students to explore interdisciplinary concepts through hands-on activities, real-world applications, and inquiry-driven learning, thereby strengthening essential 21st-century skills.*

# When Physics Came Alive in KVS

*On 11th and 12th August 2025, Kendriya Vidyalaya No. 2, Delhi Cantt., hosted an electrifying Physics workshop with the legendary Prof. H.C. Verma, along with Prof. Deshdeep Sahdev and Prof. Brijesh Kumar Pandey. Over 400 students and thousands of virtual participants experienced Physics beyond formulas, seeing it as the language of the universe. Teachers received hands-on strategies to make learning engaging and inspiring. The two-day event ignited curiosity, empowered educators, and transformed classrooms into arenas of exploration.*



# Mega Tinkering Day Celebrated in Kendriya Vidyalayas



*On 12th August, Kendriya Vidyalayas across India celebrated Mega Tinkering Day. Organized by the Atal Innovation Mission, NITI Aayog, and the Ministry of Education's DoSeL, the initiative aimed to foster creativity and hands-on STEM learning. During the event, students had 30 minutes to work together and design an innovative project, highlighting the importance of experiential learning. The aim of the event was to foster innovation, creativity, and hands-on STEM learning among students from both ATL and non-ATL schools, showcasing the power of collaboration and experiential learning at scale. A total of **37,850 students of KVS**, along with **2,756 teachers** and **848 mentors**, participated in this event.*

# National Space Day 2025: Exploring the Cosmos at KVs



*Kendriya Vidyalayas across India celebrated National Space Day on 23rd August 2025, embracing the theme "Aryabhatta to Gaganyaan: Ancient Wisdom to Infinite Possibilities." Students engaged enthusiastically in activities such as model making, quiz competitions, poster making, speech competitions and essay writing, to honour India's remarkable space achievements. The celebrations aimed to spark curiosity, promote space science, and inspire young minds to explore the wonders of STEM and space technology.*

# Ek Ped Maa Ke Naam 2.0



The **Department of School Education and Literacy, Ministry of Education, Government of India**, launched a tree plantation drive under the **"Ek Ped Maa Ke Naam 2.0"** campaign on **5th June 2025**, World Environment Day. The campaign aimed to raise awareness about **Mission LiFE**, sustainable living, and other environmental issues. The tree plantation drive was implemented in all KVs across the country under the aegis of **Eco-Clubs for Mission LiFE** from **5th June to 30th September 2025**. On the launch day , **32,789 saplings** were planted in Kendriya Vidyalayas nationwide and against the Ministry's target of **87,570 saplings** for KVS, the organization exceeded expectations by planting a remarkable **2,24,787 saplings** across the country.

# Let the Game Begin: 54th KVS Sports Meet




Kendriya Vidyalaya Sangathan has commenced its much-awaited 54th National Sports Meet – 2025, a nationwide celebration of athletic excellence and student potential. The event is being be held from 15th July to 2nd November 2025, hosted across nine KVS Regions: Agra, Ahmedabad, Bengaluru, Chandigarh, Chennai, Delhi, Ernakulam, Hyderabad, and Lucknow. The competition featured 21 sports disciplines for boys and girls across various age groups (up to 14, 17, and 19 years), bringing together approximately 12,104 students (7,523 boys and 4,581 girls) along with 2,500 coaches and technical officials. The meet continues to embody sportsmanship, discipline, and unity, providing a vibrant platform for healthy competition, camaraderie, and recognition, with winners being awarded gold, silver, and bronze medals for their achievements.

# National Sports Day Celebrations




On 29th August 2025, Kendriya Vidyalayas across the country celebrated "National Sports Day" with great zeal, commemorating the birth anniversary of the legendary Indian hockey maestro, Major Dhyan Chand Ji. The celebration aimed to inspire a spirit of sportsmanship among students under the theme: "Har Gali, Har Maidan, Khele Saara Hindustaan", while promoting the idea of "Khele Bhi, Khile Bhi." On this occasion, a range of sports activities were organized for both boys and girls in all Kendriya Vidyalayas.

# Additional Secretary Visits KVS (HQ)



Sh. Dheeraj Sahu, IAS, Additional Secretary, DoSEL, Ministry of Education, visited KVS (HQ) on 28th August 2025. He interacted with senior officers, reviewed the functioning of KVS, and shared valuable insights to foster innovation & excellence in School Education, aligned with NEP 2020.

# Glimpses of 54th KVS National Sports Meet!











# KV Minds Shine Bright at Technothlon 2025




*The 22nd edition of Technothlon, the prestigious school championship organized by Techniche, IIT Guwahati, witnessed outstanding performances by Kendriya Vidyalaya students. This flagship event, designed to nurture logical and analytical thinking, is held in two squads: Juniors (Classes IX–X) and Hauts (Classes XI–XII)—with prelims and mains rounds. In the prelims held on 13th July 2025 across KVs, 18 teams (6 Juniors and 12 Hauts) (out of 25 teams that qualify in each category nationally) secured top national ranks and qualified for the Mains round.*

*The Mains, hosted from 29th to 31st August 2025 at IIT Guwahati during Techniche 2025, brought laurels to KVS:* ***Lalit Sharma and Abhishek Kumar Harijan*** *from PM SHRI KV No. 2, Itanagar, clinched the runner-up position in the Juniors' "Ticker Tycoon" activity, while* ***Anirikto Seth and Gunjesh Ray*** *from PM SHRI KV New Bongaigaon won runner-up position in the Hauts' "The Pawn Gambit activity."*

# A Ride to Remember

## Vande Bharat Inaugural Run Turns into a Proud Chapter

***Nanded, 26th August 2025:*** *Students and teachers of PM SHRI KV SCR Nanded, had the proud privilege of being invited to the inaugural ceremony of the Vande Bharat Express connecting Hazur Sahib Nanded-CSMT. The moment brought immense joy and pride to the Vidyalaya community, with students, parents, and staff cherishing the historic occasion.*



## Fast Trains, Bright Futures: PM Modi Meets Youth

***Bengaluru, 10th August 2025:*** *Students of PM SHRI KV MG Railways, Bengaluru, interacted with Hon'ble PM Sh. Narendra Modi during the grand flagging-off of three Vande Bharat Express trains at KSR Railway Station on.*



## KV Students' Metro Moment with PM Modi

***Kolkata, 22nd August 2025:*** *KV students had a rare chance to interact with Hon'ble PM Shri Narendra Modi during his metro journey from Jessore Road to Jai Hind Bimanbandar. The candid interaction turned a regular commute into an unforgettable classroom of inspiration.*

# Capacity Building and Development



## Karmayogi Jan Seva Programme 2025


*A landmark event of the quarter was the one-day Large Scale Karmayogi Jan Seva Programme 2025, held simultaneously across KVs nationwide. Nearly 20,000 employees participated in this initiative, which emphasized citizen-centric service, responsiveness, and professional ethics, reinforcing the Karmayogi Mission's vision of an efficient, empathetic, and service-oriented workforce.*

KARMAYOGI BHARAT
BEGINNING OF A NEW ERA

---


## Launch of Training and Development (T&D) Week



*The online launch of T&D Week by Commissioner, Ms. Prachi Pandey, marked a milestone in advancing professional learning across KVS. The event featured a keynote on training initiatives, partner presentations, and documentation highlights, followed by an expert talk on teacher education. It brought together administrators, coordinators, and teachers, fostering a shared vision of collaboration, innovation, and capacity building.*

## Certificate in Test Development – Azim Premji University



KVS educators attended a campus-based Certificate Programme at Azim Premji University, gaining advanced skills in assessment design, item writing, and evaluation aligned with competency-based learning. The training enhanced teachers' capacity to create reliable and inclusive assessment tools while promoting reflective and collaborative practices.

---

## EduLead 2025 – Leadership Training for PM SHRI Schools in Assam


EduLead 2025, a three-day leadership training programme for Principals and Head Teachers of PM SHRI Schools in Assam, was organized by the KVS Regional Office, Guwahati. Focused on vision building, leadership, management, and innovation for school excellence, the programme covered NEP 2020, PM SHRI goals, academic leadership, IT integration, financial and library management, and green initiatives. Exposure visits to model schools and sessions on stress management, school safety, and self-evaluation provided practical insights, empowering school leaders to drive pedagogical and strategic transformation in their institutions.





# ACHIEVEMENTS

## #Proud KVians



**Honouring the Best of the Best**
Ms. Kristi Das, alumna of PM SHRI KV Khanapara, received the prestigious Rashtrapati Guide Award – 2021. The Certificate of Honour was presented by the Hon'ble President of India, Smt. Droupadi Murmu on 22nd July 2025 at Godavari Hall, Rashtrapati Bhavan, New Delhi.



**Diving into History with 7 Medals!**
Subrahmanya Jeevamsh of PM SHRI KV Malleswaram secured 3 gold, one silver and 3 bronze in the 51st Junior Nationals Aquatic Championship 2025 (Swimming Federation of India) held in Ahmedabad from 3rd to 7th August 2025.




**Journey towards China**
Karthika C, a student of PM SHRI KV No. 1, Calicut, has been selected for the U-15 Volleyball Coaching Camp in preparation for the ISF U-15 Volleyball Championship in Shangluo, China (4–13 Dec 2025).



**राज्यस्तर पर चमके रजनीश**
पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय राजगीर के प्रतिभाशाली छात्र रजनीश कुमार ने राज्यस्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर और 800 मीटर दौड़ में दो स्वर्ण पदक जीते। अपने इस शानदार प्रदर्शन के दम पर अब वे चेन्नई में आयोजित होने वाली पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भाग लेकर राज्य और विद्यालय का परचम लहराएंगे।



**लोचन छेत्री ने एशियाई योगासन चैम्पियनशिप में जीता सोना**
दुबई में 6 से 11 अगस्त 2025 तक आयोजित छठी एशियाई योगासन स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय कोकराझार, गुवाहटी के विद्यार्थी लोचन छेत्री ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया।




**एक्वेटिक चैम्पियनशिप 2025: जान्हवी चांगमै ने जीते 4 स्वर्ण**
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय विद्यालय की छात्रा जान्हवी चांगमै ने 32वीं असम एक्वेटिक चैम्पियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 स्वर्ण पदक अपने नाम किए। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से जान्हवी ने न केवल अपने विद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का भी लोहा मनवाया।



**पैरा-स्पोर्ट्स मीट में स्वर्णिम जीत**
केन्द्रीय विद्यालय सिलचर के विद्यार्थी बिप्रजित देब ने 8 से 10 अगस्त 2025 तक गुवाहटी में आयोजित 5वें ऑल असम पैरालंपिक स्पोर्ट्स मीट 2025 में टेबल टेनिस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।



**वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी तनुजा**
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय छत्रपति संभाजीनगर छावनी की छात्रा तनुजा प्रेमानंद कर्णे अमेरिका में वर्ल्ड फूड प्राइज़ फाउंडेशन द्वारा आयोजित ग्लोबल यूथ इंस्टिट्यूट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।



**राष्ट्रीय फेंसिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक**

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय हिनू की छात्रा शिक्षा ओरांव ने अपने बेहतरीन खेल कौशल और आत्मविश्वास से सभी को प्रभावित किया। हिनू ने झारखंड राज्य में आयोजित राष्ट्रीय फेंसिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।



**अंतरराज्यीय तैराकी प्रतियोगिता में सक्षम ने जीते 7 पदक**

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय आईएनएस मांडवी के सक्षम संजय नायक ने फिट फॉर लाइफ द्वारा आयोजित तीसरी एफएफएल अंतरराज्यीय तैराकी प्रतियोगिता में 3 स्वर्ण, 3 रजत एवं 1 कांस्य पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया।



**Tiny Tot with Mighty Medal**

Nirnaya Ignatios of KV Pattom won the Bronze Medal in the Mini National Fencing Championship held at Nashik, Maharashtra. His remarkable skill, focus, and perseverance throughout the competition earned her well-deserved recognition at the national level.



**Hathi Mera Sathi**

A T Harsitha Lakshmi, a student of PM SHRI KV Coimbatore, won second prize in the painting competition organised by the National Museum of Natural History on the theme Human-Elephant Coexistence.



**Checkmate: The Ultimate Victory**

Abhineeth Bhat of PM SHRI KV No. 1 Jalahalli West secured the 1st place in the U-15 category of the Karnataka State FIDE Rated Open Chess Championship held at Kannur. Demonstrating exceptional strategic thinking, focus, and composure, Abhineeth outplayed strong contenders from across the state.



**Mind Over Matter**

Lanchenba Ngairangbam of KV Akampat, won the Bronze medal (U-16) in the 2nd Singjamei Constituency Member MLA Trophy, State Level Open Chess Tournament 2025.



**The Art of Swordplay**

Yumnam Thoihenba Singh of KV Akampat showcased remarkable agility and precision to win the Bronze Medal in the 21st Governor's Cup State Fencing Tournament 2025, held at SAI–NERC, Takyelpat. His outstanding performance reflected dedication, discipline, and mastery of technique.



**Balance and Grace!**

Chanam Luchingbi of KV Akampat secured the 1st position in the 4th Invitation Gymnastics Championship 2025, showcasing exceptional talent, balance, and determination. Her outstanding performance earned her accolades from judges and cheers from the audience. This remarkable achievement brings pride and joy to KVS Akampat.



**Mental Math Mastery on the World Stage**

Sarabesh Vikraman, a Class 10 student of KV IIT Chennai, has been crowned 'Flash Angan Division World Champion' after achieving the highest score in flash calculation at the 'International Mental Arithmetic Championship' held in Ulaanbaatar, Mongolia. This remarkable victory makes him the first-ever Indian to claim the title in this category.





**Writers of PM SHRI KV NO.1, AFS Sambra, Belagavi**

Ayaan secured 1st place at the National level & Shambhavi Acharya won 2nd place at the Southern Regional level in the essay writing competition on "Viksit Bharat ke liye Parmanu Urja" organised by Atomic Minerals Directorate for Exploration and Research, Department of Atomic Energy, GoI.



**Young Ghazal Star Manaswi Pandey**

Manaswi Pandey of PM SHRI KV No. 3, Delhi Cantt., won the Ghazal Kids category at the Khazana Artist Aloud Talent Hunt – 8th Edition, and performed live at the iconic Khazana – A Festival of Ghazals held in Mumbai on 18th and 19th July 2025. She also got a golden chance to meet the legendary singers of India!



**कौन बनेगा करोड़पति में के. वि. की शिक्षिका**

पीएम श्री केवी सेक्टर-5, द्वारका में पीजीटी (रसायन विज्ञान) की शिक्षिका सुश्री मीनाक्षी यादव को प्रसिद्ध क्विज़ शो कौन बनेगा करोड़पति 17 में भाग लेने का अवसर मिला।



**International Championship Glory**

Saksham Sonkar, student of PM SHRI Kendriya Vidyalaya Katni, represented India at the International Volleyball Championship held in Nepal from 26th to 30th September 2025. He showcased remarkable teamwork and talent, contributing to the outstanding performance that earned a Gold Medal in the tournament organised by the National Sports Federation of India.



**के.वि. नूनमाटी के शिक्षक को सम्मान**

केन्द्रीय विद्यालय नूनमाटी के टीजीटी (कला) शिक्षक श्री कौश्लेश कुमार को समकालीन कला एवं आर्ट फोटोग्राफी के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रतिभा के लिए राधा मोहन पुरस्कार 2024-25 से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान पटना के होटल मौर्य में आयोजित कला पुरस्कार समारोह में प्रदान किया गया, जहाँ बिहार के मा. कला, संस्कृति एवं युवा मंत्री श्री मोतीलाल प्रसाद ने प्रशस्ति पत्र देकर श्री कुमार को अलंकृत किया।

## Celebrating the Mathematical Brilliance of Yuvraj Singh



Kendriya Vidyalaya Sangathan takes immense pride in the outstanding achievements of its young prodigy, Yuvraj Singh, from KV Sector 47, Chandigarh, who has consistently shone on international platforms in Mathematics.

- **Asiarope Mathematics Olympiad:** Yuvraj showcased his versatility by winning both a Gold and Silver Award in two different categories.
- **SIMOC, Singapore:** Competing among 2,480 participants from 34 countries, he brought laurels to India with a Bronze Medal.
- **Global League of Winners Inc., Malaysia**: In his crowning achievement, Yuvraj clinched the Gold Medal, Trophy, and the prestigious title of World Champion in Mathematics at the Final International Round.

## Where Words Find Their Voice


The talented trio made KVS proud by sweeping all top 3 positions in the Essay Writing Competition by the Prime Ministers Museum & Library. All the winners were felicitated by Sh. N. Chandrababu Naidu, Hon'ble CM of Andhra Pradesh, at a function in New Delhi.



1st Position
Navya Sinha
PM SHRI KV INA Colony



2nd Position
Anushka Bhattacharjee
PM SHRI KV Andrews Ganj



3rd Position
Dev Munjal
Dr. Rajendra Prasad KV, President's Estate

तत् त्वं पूषन् अपावृणु

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

©Kendriya Vidyalaya Sangathan

Shala Dhwani Newsletter
Issue: July-September 2025

----------------------------------

**Patron:** Prachi Pandey, Commissioner, KVS
**Chief Editor:** Chandana Mandal, Additional Commissioner (Acad)
**Editor:** D. Manivannan, Joint Commissioner (Acad)
**Editorial Incharge:** Sachin Rathore, Assistant Editor

----------------------------------

Published by Additional Commissioner (Acad) on behalf of Kendriya Vidyalaya Sangathan.

----------------------------------

Readers can send their comments and suggestion through e-mail at: shaaladhwani@gmail.com

https://kvsangathan.nic.in/ | @KVSHQ | @KVS_HQ | @kvshqr | KVS HQ